अजमेर 85 dainiknavajyoti.com दैनिक नवज्योति अजमेर, बुधवार, 17 अगस्त, 2022 7



अजमेर के पुलिस लाइन मैदान पर सोमवार को आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित करते कृषि एवं पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया। -श्रीकांत जांगिड़

# अजमेर-मेरवाड़ा के स्वतंत्रता सेनानियों का योगदान अतुलनीय

## पुलिस लाइन मैदान पर पहली बार हुआ जिला स्तरीय स्वतंत्रता समारोह

- कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने किया ध्वजारोहण
- मार्च पास्ट की ली सलामी, प्रतिभाओं का किया सम्मान

कासं/नवज्योति, अजमेर

राज्य के कृषि एवं पशुपालन विभाग के मंत्री लालचंद कटारिया ने सोमवार को पुलिस लाइन मैदान में जिला स्तर पर आयोजित 76वें स्वाधीनता दिवस समारोह में ध्वजारोहण कर मार्चपास्ट की सलामी ली और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 70 प्रतिभाओं एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। राज्यपाल के संदेश का पठन अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर भावना गर्ग ने किया।

इस मौके पर कटारिया ने कहा आज राष्ट्र आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में अजमेर-मेरवाड़ा के अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया जिनका नाम इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा हुआ है। स्वतंत्रता सेनानी रामनारायण चौधरी, कप्तान दुर्गाप्रसाद चौधरी, विजय सिंह पथिक, राव गोपाल सिंह खरवा, हरिभाऊउपाध्याय, अर्जुनलाल सेठी, बृजमोहन लाल शर्मा, ज्वालाप्रसाद, दामोदरदास राठी, रामनिवासजी आदि अनेक ऐसे सपूत हुए जिन्होंने अजमेर की इस धरती का नाम स्वतंत्रता आंदोलन में सम्मान के साथ दर्ज कराया।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण विश्व में अजमेर की धरती को ही ऐसा सौभाग्य मिला है कि यहां मात्र 13 किलोमीटर की दूरी पर ब्रह्मा की नगरी व तीर्थराज पुष्कर तथा अजमेर में ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह जैसे दो महान तीर्थ स्थित हैं। सामाजिक कुरीतियों से लड़ने और महिला जागृति को आगे लाने वाले महर्षि स्वामी दयानन्द सरस्वती की निर्वाण स्थली भी अजमेर है। अंतिम हिन्दू सम्राट पृथ्वीराज चौहान के समय अजमेर को देश की राजधानी रहने का भी सौभाग्य मिला था।

उन्होंने कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू, श्रीमती इंदिरा गांधी और सूचना क्रांति के युग दृष्टा राजीव गांधी की स्मृति भी आज हमारा मनोबल बढ़ाती है। उन्होंने कहा राज्य सरकार ने बिना किसी भेदभाव के प्रदेश के सभी जिलों तथा सभी क्षेत्रों के संतुलित और समावेशी विकास के कार्य को प्राथमिकता दी है। इसके परिणाम धरातल पर भी दिख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लंपी स्किन डिजीज के कारण पशुपालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकार के समस्त घटक इस बीमारी से बचाव तथा उपचार में लगे हुए हैं। प्रशासन तथा विभाग इस अथक परिश्रम के लिए साधुवाद के पात्र है। कटारिया ने सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत अजमेर जिले में किए गए उत्कृष्ट कार्यों का ब्यौरा देते हुए कहा स्मार्ट सिटी बनने की ओर अग्रसर अजमेर में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं।



झंडारोहण कर सलामी देते मंत्री लालचंद कटारिया।



पुलिस लाइन मैदान पर जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में व्यायाम प्रदर्शन करती छात्राएं। -बालकिशन झा

### सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी आकर्षक प्रस्तुति

राजकीय सावित्री बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की डॉ. शारदा देवड़ा के निर्देशन में सामूहिक नृत्य आयोजित हुआ। इसमें देशभक्ति गीतों के समुच्च पर 176 बालिकाओं ने शानदार प्रस्तुति दी। इसमें सावित्री राजकीय बालिका विद्यालय, केन्द्रीय बालिका विद्यालय, ईस्ट पॉइन्ट, महाराजा अग्रसेन विद्यालय, ख्वाजा मॉडल स्कूल, द्रोपदी देवी बालिका विद्यालय एवं स्वामी विवेकानन्द मॉडल स्कूल की बालिकाओं ने भाग लिया। श्रीमती मीना वर्मा एवं श्री दीनेश्वर के समूह ने राष्ट्रगान गाया। स्पीक अप आवाज दो एप के बारे में संदेश नृत्य के माध्यम से दिया गया।

### इन संस्थाओं को मिला नगद पुरस्कार

समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 70 व्यक्तियों एवं संस्थाओं के साथ ही उत्कृष्ट इंदिरा रसोई संचालकों का भी सम्मान हुआ। संभाग स्तर पर इंदिरा रसोई सर्व सेवा संस्थान जहाजपुरा को प्रथम 15 हजार, लोक कला एवं मानव सेवा टोडारायसिंह को द्वितीय 11 हजार तथा जामिया मदरसा एज्युकेशन सोसाइटी देवली को तृतीय स्थान प्राप्त करने 5 हजार का नकद पुरस्कार दिया गया। इसी प्रकार जिला स्तर पर श्याम एन्टरप्राइजेज पुष्कर की इन्दिरा रसोई को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 11 हजार की राशि दी गई।



### तेज बारिश के बीच व्यायाम प्रदर्शन

समारोह के दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने तेज बारिश के बीच सामूहिक व्यायाम का शानदार प्रदर्शन किया। इसमें 252 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त इन्हीं विद्यार्थियों ने डम्बल एवं रिंग एक्सरसाइज का प्रदर्शन भी किया। डम्बल में 144 छात्रों तथा रिंग एक्सरसाइज में 198 छात्राओं ने भाग लिया।



### स्वतंत्रता सेनानी एवं परिजन का किया सम्मान

इस अवसर पर कटारिया ने स्वतंत्रता सेनानी शोभाराम गहरवार एवं अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन ताहिरा खान, जानकी कोकलानी, श्री आनंद एवं लेखा गुप्ता का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।

### ये रहे मौजूद

समारोह में विधायक वासुदेव देवनानी, अनिता भदेल, नगर निगम महापौर बृजलता हाड़ा, संभागीय आयुक्त बी.एल.मेहरा, पुलिस महानिरीक्षक रूपिन्दर सिंघ, एसीबी के डीआईजी समीर कुमार सिंह, जिला कलक्टर अंश दीप, पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट, अजमेर विकास प्राधिकरण के आयुक्त अक्षय गोदारा, नगर निगम आयुक्त सुशील कुमार, उप महापौर नीरज जैन, अजमेर डेयरी के अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी, दैनिक नवज्योति के प्रधान सम्पादक दीनबन्धु चौधरी, पूर्व विधायक एवं गांधी दर्शन समिति के संयोजक डॉ.श्रीगोपाल बाहेती, सह संयोजक शक्ति प्रताप सिंह राठौड़, पूर्व मेयर कमल बाकोलिया, पीसीसी के पूर्व सचिव महेन्द्र सिंह रलावता एवं देहात कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष सौरभ बजाड़ सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।


**Rajasthan Real Estate Regulatory Authority**

2nd& 3rd Floor, RSIC Wing, Udyog Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur-302005 Phone No.: 0141-2851900 Website: http://rera.rajasthan.gov.in

No. : F1(268)RJ/RERA/AO/2022/2194 Date : 16.08.2022

**VACANCY NOTICE**

**For Appointment of Adjudicating Officer**

The Rajasthan Real Estate Regulatory Authority is required to appoint, in consultation with the State Government, one adjudicating officer as provided under section 71 of the Real Estate (Regulation and Development) Act, 2016. The Authority hereby invites applications from eligible persons (in-service and retired District Judges) for appointment of a whole-time Adjudicating Officer. Details of the post, including eligibility criteria and application format, may be obtained from the Authority's website **https://www.rera.rajasthan.gov.in** Application in the prescribed format along with supporting documents must reach the office of Registrar of the Authority, **on or before 02.09.2022,** in hard copy or through email at email id **registrar.rajasthanrera@gmail.com**.

Raj.Samwad/C/22/6403 Registrar



ICICI Home Finance

**कॉरपोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुम्बई-400059, भारत

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, दूसरा माला, राजवंश निसान भवन, पटेल स्टेडियम के सामने, बजरंग पेट्रोल पम्प के समीप, जयपुर रोड, अजमेर-305001

नियम 8(6) का परंतुक देखें

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनः निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है। सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार एवं जमानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल सम्पत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक / अधिभारित है उनका सांकेतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा ''जहां है, जैसी है'' एवं ''जैसी है, वैसी है'' एवं जिस भी स्थिति में है के आधार पर अचल सम्पत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्र. | कर्जदार(रों)/सह-कर्जदारों / गारंटरों / कानूनी वारिसों का नाम / ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा | सम्पति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | धर्मावती रावत (ऋणी)/ शक्ति सिंह (सह ऋणी) ऋण खाता संख्या एनएचएजेएम 00000836378 | दुकान संख्या 1 सी, पहला माला, श्रीनाथ मॉल, बजरंगगढ़ चौराहा, अजमेर, राजस्थान 305001 | 12,83,769/- रुपये दिनांक 05 अगस्त 2022 को | 6,66,750/- रुपये 66,675/- रुपये | 14 सितम्बर, 2022 को 11:00 एएम से 03.00 पीएम तक | 20 सितम्बर 2022 को 02.00 पीएम -03.00 पीएम |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था ग्लोबल टेक की वेबसाइट (URL Link-https://BestAuctionDeal.com) पर संचालित होगी। बंधकदाताओं / सूचना प्रेषितियों को **19 सितम्बर 2022 को सायं 05.00 पीएम** से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगामी ब्याज सहित भुगतान करने से का अन्तिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इन सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीदाता (बोलीदाताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ड संदर्भ करें जिसे आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, दूसरा माला, राजवंश निसान भवन, पटेल स्टेडियम के सामने, बजरंग पेट्रोल पम्प के समीप, जयपुर रोड, अजमेर-305001** में दिनांक **19 सितम्बर 2022 को 04.00** पीएम को या इससे पूर्व जमा कराना अनिवार्य है। कृपया यह नोट कर लेवें कि संभावित बोलीदाता (बोलीदाताओं) उपरोक्त वर्णित समय अनुसार उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल हो जाता है तो ऐसी स्थिति में निविदा प्रलेखो की हस्ताक्षरित प्रति को आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, दूसरा माला, राजवंश निसान भवन, पटेल स्टेडियम के सामने, बजरंग पेट्रोल पम्प के समीप, जयपुर रोड, अजमेर-305001 में 19 सितम्बर 2022 को 5.00 पी.एम.** या इससे पूर्व जमा कराई जा सकती है। बयाना राशि को एक राष्ट्रीयकृत / अनुसूचित बैंक द्वारा जारी किए गए डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) के रूप में **''आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड - नीलामी''** के पक्ष में **अजमेर** में देय होना अनिवार्य है।

निरीक्षण, नीलामी की नियम एवं शर्तें या निविदा के जमा कराने के बारे में कोई भी आगामी स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड** को **7021072869** या हमारे विक्रय एवं विपणन साझेदार**नेक्सजेन सॉल्युशन्स प्राइवेट लिमिटेड** से सम्पर्क कर सकते हैं। प्राधिकृत अधिकारी बगैर कोई कारण बताए कोई भी बोली को रद्द या समस्त बोलियों को रद्द करने का सर्वाधिकार सुरक्षित है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु कृपया https://www.icicihfc.com/ सम्पर्क करें।

**दिनांक :** 17 अगस्त 2022

**स्थान : अजमेर**

**प्राधिकृत अधिकारी**

**आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड**

DNA-256983



सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार




अशोक गहलोत

मुख्यमंत्री

Rajasthan DigiFest

19-20 Aug • Birla Auditorium, Jaipur




आइ.टी. की इस दुनिया को करीब से देखने मैं जा रहा हूँ... राजस्थान डिजिफेस्ट

- दुनियाभर की लेटेस्ट टेक्नोलॉजी
- हर वर्ग के लिए बिज़नेस आइडियाज़
- स्टार्ट-अप एक्सपो
- एआर - वीआर एक्सपीरियंस ज़ोन
- स्टार्ट-अप बाज़ार
- साइबर गवर्नेंस एक्सपो
- आइ.टी. जॉब इन्टरव्यूज़
- स्किल वर्कशॉप्स
- यूनिकॉर्न व स्टार्ट-अप प्रमोटर्स के इंटरएक्टिव सत्र
- स्टार्ट-अप मेंटरिंग और वर्कशॉप्स

आइये देखें, हमारा डिजिटल राजस्थान

DigiFest.rajasthan.gov.in

रजिस्टर करने के लिए स्कैन करें

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग

राजस्थान संवाद